**उ0प्र0कोआपरेटिव फेडरेशन लि0.**
क्षेत्रीय कार्यालय ,पी0सी0एफ0 बफर गोदाम,सर्किट हाउस मोड,अम्बाला रोड, सहारनपुर ।
email-rmpcf.saharanpur@gmail-com mob.8765984959

पत्रॉक –पीसीएफ / उर्वरक ई–टेण्डर / 2026–27 / 51 दिनांक– 19.05.2026

## " शुद्धिपत्र "

**इस कार्यालय द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2026–27 एवं 2027–28 हेतु उर्वरक/ बीज परिवहन ,रैक हैण्डलिंग,परिवहन, लोडिग अनलोडिग,रिबैगिग एवं पल्लेदारी के लिये जारी ई निविदा पत्रॉक 50 दिनॉक 13.05.2026 की तकीनकी बिड के साथ संलग्न दोनो शपथ पत्र पृथक–पृथक रु0 100–00 के नान जुडिशियल स्टैम्प पेपर पर नोटरी द्वारा प्रमाणित संलग्न करने अनिवार्य होगें। उक्त के बिना किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।**

संलग्न - दोनों शपथ पत्र प्रारूप

19.05.26

(प्रवीन सिंह)
क्षेत्रीय प्रबन्धक,
पी0सी0एफ0,
सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।

प्रतिलिपि निम्नाकिंत को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः––

1:– जिला प्रबन्धक एवं गणक पीसीएफ सहारनपुर/मुज्जफरनगर/शामली।
2:– .सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक,सहकारिता,सहारनपुर/मुजफ्फरनगर एवं शामली।
3:– क्षेत्र प्रबन्धक इफको सहारनपुर,मुजफ्फरनगर एवं शामली।
4:– क्षेत्र प्रबन्धक कृभको सहारनपुर,मुजफ्फरनगर एवं शामली।
5:– सँयुक्त आयुक्त एंव सँयुक्त निबन्धक सहकारिता उ0प्र0 सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।
6:– कार्यकारी निदेशक(उर्वरक) पीसीएफ लखनऊ।
7:– वैयक्तिक सहायक प्रबन्ध निदेशक महोदय पीसीएफ लखनऊ।

19.05.26

क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी0सी0एफ0,
सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।

# शपथ पत्र

(रू0 100/- के नान जुडीशियल स्टैम्प पर नोटरी द्वारा प्रमाणित)

मै शपथी/शपथिनी.............................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री.............................उम्र .....................
वर्ष निवासी.............................शपथपूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ:-

1- यह कि शपथी/शपथिनी द्वारा पूरे प्रदेश में अधिकतम 03 जनपदों पर ही निविदा डाली जा रही है इससे अधिक निविदायें नही डाली जायेगी।

2-यह कि शपथी/शपथिनी द्वारा किया गया कोई आवेदन असफल हो जाने की दशा के पश्चात् भी प्रदेश में केवल अधिकतम 03 जनपदों की सीमा तक ही आवेदन किया जायेगा तथा अधिकतम 02 जनपदों में ही ठेका प्राप्त किया जायेगा।

3- यह कि शपथी/शपथिनी द्वारा जनपद............................. में उल्लिखित किये गये ट्रक नम्बरों का उल्लेख अन्य जनपद में नही किया गया है। यदि उल्लिखित किये गये ट्रक नम्बरों का उल्लेख अन्य जनपद में पाया जाये तो प्रार्थी/फर्म/कम्पनी की अर्नेस्टमनी जब्त कर ली जाय।

4-यह कि मै/हम यह भी प्रमाणित करते है कि ठेका स्वीकृति के उपरान्त विभाग द्वारा प्रदत्त ठेके को मेरे/हमारे द्वारा निष्ठापूर्वक सम्पादित किया जायेगा तथा विभाग मे नियमानुसार अनुबन्ध एवं प्रतिभूति (जमानत) आदि की समस्त वांछित अभिलेख एवं औपचारिकतायें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करते हुये कार्य सम्पादित किया जायेगा। मेरे/हमारे द्वारा ऐसा न करने पर ठेका निरस्त करते हुए अर्नेस्टमनी जब्त करने का पूर्ण अधिकार विभाग को होगा, जिसमें मुझे/हमे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही होगी।

5- यह कि मै/हम यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि टेण्डर का कार्य मुझे/हमे आवंटित होने पर उसे किसी भी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को सबलेट नही किया जायेगा।

6-यह कि शपथी/शपथिनी द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना असत्य पाये जाने की स्थिति में शपथी/शपर्थिनी का अभ्यर्थन/टेण्डर/ठेका निरस्त कर दिया जाये, जिसमें मुझे/हमे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही होगी।

## सत्यापन

मै शपथी/शपथिनी उपरोक्त सत्यापित करता/करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है, जिसे मैने आज दिनांक ......................... को अपने हस्ताक्षर से तस्दीक किया।

दिनांकः-
स्थानः-

शपथी/शपथिनी

नोट- प्रोपराईटरशिप फर्म/कम्पनी की दशा में समस्त भागीदारों /निदेशक/सदस्यों द्वारा अलग-अलग शपथपत्र प्रस्तुत किया जायेगा।

## शपथ पत्र का प्रारूप
## (रू0 100/– के स्टैम्प पेपर पर नोटरी द्वारा)

1. यह कि मैने/हमने पी0सी0एफ0 में उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य किसी नाम से पंजीयन हेतु आवेदन नहीं किया है और न ही पंजीकृत हैं।
2. यह कि मेरा/हमारा पूर्व मे पीसीएफ अथवा सम्बद्ध कय एजेन्सी में पंजीयन निलम्बित/निरस्त नहीं हुआ है और न ही कभी ब्लैक लिस्टेड हुआ/हुए है।
3. यह कि मैं/हम कालाबाजारी, माफिया, गतिविधियों, असामाजिक कार्यो एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं हूँ/हैं। यदि ऐसा होना पाया जाता है तो अन्य कार्यवाहियों के अतिरिक्त विभाग को पंजीयन निरस्त करने का अधिकार होगा।
4. यह कि मैं/हम सम्भावित निविदादाताओं को धमकाने, उन्हें निविदा प्रकिया में भाग लेने से रोकने की कार्यवाही नहीं करूँगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो अन्य कार्यवाहियों के अतिरिक्त विभाग को पंजीयन निरस्त करने का अधिकार होगा।
5. यह कि मैंने/हमने कोई सुसंगत तथ्य छिपाया नहीं है। पंजीयन के उपरान्त प्रदत्त ठेके (यदि कोई) का कार्य मैं/हम निष्ठापूर्वक सम्पादित करूँगा/करेंगे।
6. पंजीकरण हेतु मैने/हमने पीसीएफ में संदर्भित व्यक्ति, फर्म/कम्पनी में प्रदर्शित वाहन, किसी अन्य विभाग के कार्य में अथवा किसी अन्य कार्य में स्वयं अथवा किसी अन्य फर्म कम्पनी आदि के माध्यम से न तो प्रदर्शित किया गया और न ही नियोजित किया गया है।
7. यह कि उपरोक्त बिन्दु संख्या–1 से 6 तक समस्त कथन मेरी/हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यदि इस शपथ पत्र में उल्लिखित कोई जानकारी अथवा पंजीकरण हेतु संलग्न प्रपत्रों में कोई गलत तथ्य पाये जाये तो मेरा पंजीकरण समाप्त कर दिया जाय इसमें मुझे कोई आपत्ति न होगी। उपरोक्त कथन बिना किसी के दबाव में एवं पूरे होशोहवास में व्यक्त किये गये हैं।

हस्ताक्षर

व्यक्ति/फर्म/कम्पनी का नाम........................................................

पता–........................................................................

मोबाइल नम्बरः–.................................................................